कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II एवं दो किसानो को मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश एवं उप महानिदेशक, कृषि प्रसार के हाथों पुरस्कृत ।

इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित नेशनल फार्मर्स पुरस्कार समारोह में कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II को उनके अच्छे कार्य के लिए एवं कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II से प्रशिक्षित एवं संस्तुत दो किसानो को वर्ष 2024 के "इंटीग्रल फार्मर्स अवार्ड" से पुरस्कृत किया गया । इस महत्वपूर्ण और गौरवशाली समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनोज कुमार सिंह, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश एवं डॉ उधम सिंह गौतम, उप महानिदेशक (डीडीजी), कृषि प्रसार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में निदेशक कृषि, उत्तर प्रदेश, निदेशक IISR कि गरिमामय उपस्थिति रही | कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II से जुड़े सम्मानित होने वाले प्रगतिशील किसानों में ओम प्रकश मौर्या, गाँव पहाडपुर, हरदोई, को मधुमक्खी पालन एवं ड्रैगन की खेती हेतु एवं श्री प्रदीप दीक्षित, को श्री अन्न व प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट योगदान हेतु दिया गया | इस समारोह के दौरान, मुख्य सचिव श्री ने आग्रहित किया कि किसानों के महत्वपूर्ण योगदान को अवश्य याद करके श्रेष्ठ किसानों का सम्मान किया जाए, जिन्होंने कृषि क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश एवं उप महानिदेशक (डीडीजी), कृषि प्रसार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, द्वारा केन्द्र के अध्यक्ष डॉ पंकज नौटियाल को सम्मानित किया गया |

समारोह में कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II के द्वारा एक स्टाल भी लगाया गया, जिसमें अपने उत्पादों और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया । सभी अतिथियों द्वारा स्टाल का भ्रमण किया गय, जिसमे अतिथियों का स्वागत करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ पंकज नौटियाल ने केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल के द्वारा विकसित नवीन तकनीकें व प्रजातियों के बारे में जानकारी दी | कृषि विज्ञान केंद्र की गृह विज्ञान विशेषज्ञा अंजलि साहू ने श्री अन्न से बने विभिन्न उत्पादों को बनाकर प्रदर्शित किया| स्टाल में कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि प्रसार विशेषज्ञ डॉ मोहित सिंह ने स्टाल पर आने वाले किसानो को जानकारी दी | स्टाल पर 1200 से अधिक किसान, छात्रों एवं अतिथियों ने भ्रमण किया।

INTEGRAL UNIVERSITY

INTEGRAL UNIVERSITY